


अवैध वन्यजीव व्यापार
से संकटग्रस्त

# भारत की उल्लू प्रजातियां

पहचान पत्र

TRAFFIC

WWF

# पहचान पत्र (आईडी) के प्रयोग

**अवैध वन्यजीव व्यापार से संकटग्रस्त भारत की उल्लू प्रजातियां, 2022,** को भारत में अवैध वन्यजीव व्यापार में मुख्य रूप से पायी जाने वाली उल्लू की 16 प्रजातियों की पहचान में वन्यजीव विधि प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह पहचान पत्र व्यापार में पायी जाने वाली प्रजातियों की पहचान, उनकी प्रमुख विशेषताएं, विधिक एवं संरक्षण स्थिति और उनके भौगोलिक वितरण के बारे में महत्वपूर्ण एवं त्वरित सूचना उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करेंगे।

**सम्पादन:**
डॉ साकेत बडोला, भा.व.से. एवं डॉ मरविन फर्नांडिस
TRAFFIC, India Office

**डिजाइन एवं संचार सहायता:**
ऋचा केडिया,
दिलप्रीत बी छाबड़ा, मार्कस कोरनटह्वाइट,
कीर्ति प्रशांत

**अवैध वन्यजीव व्यापार एवं प्रजाति पहचान संबंधी सूचना के लिए श्री अबरार अहमद एवं डॉ प्राची मेहता का विशेष आभार**

इस प्रकाशन के किसी भी सामग्री का, पूर्ण या आंशिक, पुनर्प्रकाशन केवल प्रकाशक की अनुमति से ही किया जा सकता है।

TRAFFIC भारत में WWF-India के कार्यक्रम संभाग के रूप में कार्य करता है।

## प्रस्तावना

उल्लू प्रजाति गण (Order) स्ट्रिगिफॉर्मेस (Strigiformes), और कुल (family) स्ट्रीगिडे (Strigidae) (असली उल्लू) तथा टाइटोनिडे (Tytonidae) (बार्न, ग्रास एवं बे उल्लू) प्रजाति के अंतर्गत आते हैं। विश्व भर में उल्लू की तकरीबन 250 प्रजातियां पायी जाती हैं जिनमें से करीब 36 प्रजातियां भारत में मिलती हैं।

उल्लू मुख्यतः रात्रिचर (nocturnal) होते हैं। वे शिकारी पक्षी हैं जिनके मुख्य आहार में छोटे स्तनधारी जंतु, पक्षी, मेढ़क, छिपकलियां, एवं कीड़े मकोड़े शामिल होते हैं। वे चूहे जैसे आम कृषि परोपजीवियों के मुख्य भक्षक होते हैं और रोग वाहक जीवों की संख्या को नियंत्रित रखते हैं।

## उल्लूओं के संरक्षण की विधिक स्थिति

भारत में उल्लू की समस्त प्रजातियां वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित हैं, और उनका शिकार, व्यापार, या अन्य किसी भी प्रकार से दोहन एक दंडनीय अपराध है। फॉरेस्ट ओव्लेट (Forest Owlet *Heteroglaux blewitti*) वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में, जबकि अन्य प्रजातियां अनुसूची IV में उल्लेखित हैं।

उल्लू की प्रजातियों का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 'वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की संकटापन्न प्रजातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर समझौता' (सीआईटीईएस) के तहत प्रतिबंधित है। फॉरेस्ट ओव्लेट (Forest Owlet *Heteroglaux blewitti*) सीआईटीईएस (CITES) की अनुबंध I में, जबकि उल्लू की अन्य भारतीय प्रजातियां अनुबंध II में सूचित हैं।

## अवैध वन्यजीव व्यापार में उल्लू

भारत में उल्लू अंधविश्वासों और रीति-रिवाजों, जिनका प्रसार स्थानीय तांत्रिकों द्वारा आम जनों में किया जाता है, के शिकार हैं।

कानूनी प्रतिबंधों के बावजूद, देश भर में तांत्रिक रीति रिवाजों, अंधविश्वास से जुड़े क्रिया-कलापों, टोटकों के कारण हर साल हजारों पक्षियों की बलि चढ़ाई जाती है, और ऐसी गतिविधियां विशेषकर दीपावली पर्व के समीप बहुत बढ़ जाती हैं। उल्लू के सिर, पंख, कान, पंजा, हृदय, यकृत, गुर्दा, रक्त, नेत्र, वसा, चोंच, अंडे का छिलका, मांस, एवं हड्डियों को आमतौर पर तथा कथित धार्मिक अनुष्ठान एवं कर्मकांडों के लिए विशेषकर छोटे शहरों एवं गांवों में प्रयोग किया जाता है।

TRAFFIC ने उल्लू की 16 ऐसी प्रजातियों (निम्नलिखित पन्नों में उल्लेखित) को चिन्हित किया है जिनका अवैध वन्यजीव व्यापार सबसे ज़्यादा किया जाता है।

# संदर्भ:


i. https://www.owlpages.com/owls/

ii. https://indianbirds.thedynamicnature.com/

iii. Ahmed, A. (2010). *Imperilled Custodians of the Night: A study on illegal trade, trapping and utilization of owls in India.* TRAFFIC India/WWF-India. New Delhi, India.

iv. Grewal, B., & Bhatia, G. (2014). *A Naturalist's Guide to the Birds of India: Including Pakistan, Nepal, Bhutan and Sri Lanka*. John Beaufoy Publishing.

v. Grimmett, R., Inskipp, C., & Inskipp, T. (2016). *Birds of the Indian Subcontinent: India, Pakistan, Sri Lanka, Nepal, Bhutan, Bangladesh and the Maldives.* Bloomsbury Publishing.

vi. Krys Kazmierczak (2017). *Field Guide to the Birds of the Indian Subcontinent.* Om Books International Publishing, 352 pages.

# बार्न आउल
## (**BARN OWL** *Tyto alba*)



TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार




**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

## भौगोलिक वितरण

भारत में व्यापक रूप से पाए जाने वाला और निवासी (Resident) (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# ईस्टर्न ग्रास आउल
## (**EASTERN GRASS OWL** *Tyto longimembris*)



TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.) | ईस्टर्न ग्रास आउल (36 सें.मी.) | घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

## भौगोलिक वितरण

पूर्वोत्तर एवं दक्षिण-पश्चिम भारत (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)


# कॉलर्ड स्कोप्स आउल
## (**COLLARED SCOPS OWL** *Otus bakkamoena*)




TRAFFIC

WWF

# पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




# आकार




**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# भौगोलिक वितरण

व्यापक प्रसार, पश्चिमोत्तर एवं पूर्वोत्तर भारत के हिस्सों में नहीं पाए जाते (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# ओरिएण्टल स्कोप्स आउल
## (**ORIENTAL SCOPS OWL** *Otus sunia*)



TRAFFIC

WWF

# पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




# आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.) | ओरिएण्टल स्कोप्स आउल (19 सें.मी.) | घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

# भौगोलिक वितरण

हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर, पश्चिमी, एवं दक्षिणी भारत (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# कॉलर्ड ओव्लेट
## (**COLLARED OWLET** *Glaucidium brodiei*)



TRAFFIC

WWF

# पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं



कानों के ऊपर पंखों के गुच्छे की अनुपस्थिति

आंखों की पीली पुतली

फीकी हरी चोंच जोकि आगे से फीके पीले रंग की

फीकी बैरिंग वाला भूरे भीतरी हिस्से। स्तन एवं उदर भाग में सफेदाकार सीधी पट्टियां।

भूरे पैर

एक फीकी सफेदाकार पट्टी जो केवल गर्दन लंबा करने पर दिखाई देती है। पीछे से देखने पर काले धब्बों वाली गर्दन की पट्टी उल्लू के चेहरे सा भ्रम देता है, और इसलिये इस प्रजाति को चार आंखों वाला उल्लू भी कहते हैं।

सफेद पट्टों वाला गहरा भूरा ऊपरी हिस्सा

# आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

कॉलर्ड ओव्लेट (17 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# भौगोलिक वितरण

हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर भारत (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# एशियन बार्ड ओव्लेट
## (**ASIAN BARRED OWLET** *Glaucidium cuculoides*)




TRAFFIC

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

एशियन बार्ड ओव्लेट (23 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
**वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972**

**अनुबंध II**
**सीआईटीईएस (CITES)**

## भौगोलिक वितरण

हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर भारत (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# जंगल ओव्लेट


(**JUNGLE OWLET** *Glaucidium radiatum*)




TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार




**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

## भौगोलिक वितरण

भारत के सुदूर पूर्वोत्तर और पश्चिमोत्तर हिस्सों को छोड़कर हिमालय में 2,000 मीटर की ऊंचाइयों तक व्यापक प्रसार (ग्रेवाल व भाटिया, 2014)

# स्पॉटेड ओव्लेट
## (**SPOTTED OWLET** *Athene brama*)



TRAFFIC

WWF

# पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




# आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

स्पॉटेड ओव्लेट (21 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# भौगोलिक वितरण

समूचे भारत में, बाहरी हिमालय क्षेत्र में करीब 1800 मीटर की ऊंचाई तक खुले जंगल, बागों, खेत, मानव बस्ती के आसपास (ग्रेवाल व भाटिया, 2014)


# रॉक ईगल आउल
## (**ROCK EAGLE OWL** *Bubo bengalensis*)




TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

रॉक ईगल आउल (56 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
**वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972**

**अनुबंध II**
**सीआईटीईएस (CITES)**

## भौगोलिक वितरण

हिमालय क्षेत्र में 1,500 मीटर की ऊंचाई तक व्यापक निवास। पूर्वोत्तर एवं पश्चिमोत्तर भारत के हिस्सों में मिलने के प्रमाण नहीं। (ग्रेवाल व भाटिया, 2014)

# स्पॉट-बेलिड ईगल आउल
## (**SPOT-BELLIED EAGLE OWL** *Bubo nipalensis*)



TRAFFIC

WWF

# पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




# आकार




**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# भौगोलिक वितरण

हिमालयी क्षेत्र, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिमी घाट (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# डस्की ईगल आउल
## (**DUSKY EAGLE OWL** *Bubo coromandus*)



TRAFFIC®

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया
(14 सें.मी.)

घरेलू कौवा
(40 सें.मी.)

डस्की ईगल आउल
(58 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम,
1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

## भौगोलिक वितरण

भारत के उत्तरी एवं मध्य भाग में व्यापक तौर पर निवास
(ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# ब्राउन फिश आउल


(**BROWN FISH OWL** *Ketupa zeylonensis*)




TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

ब्राउन फिश आउल (56 सें.मी.)

## भौगोलिक वितरण

व्यापक निवास (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# टाउनी फिश आउल
## (**TAWNY FISH OWL** *Ketupa flavipes*)




TRAFFIC®

WWF

# पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




# आकार




**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

# भौगोलिक वितरण

हिमालयी क्षेत्र, पूर्वोत्तर भारत (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# मोटल्ड वुड आउल
## (**MOTTLED WOOD OWL** *Strix ocellata*)



TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार




**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

## भौगोलिक वितरण

प्रायद्वीपीय पश्चिमी और पूर्वी घाट, मध्य भारत (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

# ब्राउन वुड आउल


## (**BROWN WOOD OWL** *Strix leptogrammica*)



TRAFFIC

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

ब्राउन वुड आउल (50 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972

**अनुबंध II**
सीआईटीईएस (CITES)

## भौगोलिक वितरण

हिमालय के हिस्से, पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी एवं पश्चिमी घाट (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)


# ब्राउन हॉक आउल
(**BROWN HAWK OWL** *Ninox scutulata*)



TRAFFIC®

WWF

## पहचान के लिए मुख्य विशेषताएं




## आकार



घरेलू गौरैया (14 सें.मी.)

ब्राउन हॉक आउल (32 सें.मी.)

घरेलू कौवा (40 सें.मी.)

**अनुसूची IV**
**वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972**

**अनुबंध II**
**सीआईटीईएस (CITES)**

## भौगोलिक वितरण

उत्तर, पूर्वोत्तर, पूर्वी घाट, पश्चिमी घाट, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (ग्रीमेट एवं अन्य., 2016)

## TRAFFIC

TRAFFIC, वन्यजीव व्यापार निगरानी नेटवर्क, एक गैर सरकारी संगठन है जो धारणीय विकास और जैव विविधता संरक्षण दोनों के संदर्भ में वन्यजीव एवं वनस्पति के बारे में वैश्विक स्तर पर कार्य करता है। TRAFFIC भारत में WWF-India के कार्यक्रम संभाग के रूप में कार्य करता है।

## WWF-India

WWF-India उन व्यवहारिक समाधानों के सृजन और सिद्धि के लिए प्रतिबद्ध है जिससे भारत के पारिस्थितिकी तंत्र और समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण में मदद मिले। देश में संरक्षण अभियान के 50 वर्ष पूरे करने के साथ WWF-India विकास और संरक्षण के अंतराफलक से जुड़ी चुनौतियों के विज्ञान सम्मत और सतत समाधान की दिशा में कार्यरत है। आज 20 राज्यों में 70 से ज़्यादा कार्यालयों के साथ WWF-India के कार्यों में महत्वपूर्ण वन्यजीव प्राजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, नदियों के प्रबंधन, आर्द्रभूमि एवं उनके पारिस्थितिकी तंत्र, जलवायु प्रबंधन अनुकूलन, व्यापार एवं कृषि के लिए सतत समाधान की खोज, संरक्षण के प्रबंधक के तौर पर स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण, अवैध वन्यजीव व्यापार की रोकथाम, एवं प्रचार तथा जागरूकता अभियानों के माध्यम से पर्यावरण के लिए सकरात्मक कदम के लिए छात्रों एवं नागरिकों को प्रेरित करने जैसे विषय शामिल है। WWF-India विश्व भर में 100 से ज़्यादा देश में मौजूद WWF अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा है।

TRAFFIC, India Office
C/O WWF-India,
WWF-India सचिवालय,
172-B, लोधी एस्टेट,
नई दिल्ली-110003
टेली: +91-11-41504786
ईमेल: trafficind@wwfindia.net

अधिक जानकारी के लिए
कृपया विजिट करें
www.trafficindia.org;
www.traffic.org;
www.wwfindia.org

TRAFFIC

WWF

## TRAFFIC

TRAFFIC, वन्यजीव व्यापार निगरानी नेटवर्क, एक गैर सरकारी संगठन है जो धारणीय विकास और जैव विविधता संरक्षण दोनों के संदर्भ में वन्यजीव एवं वनस्पति के बारे में वैश्विक स्तर पर कार्य करता है। TRAFFIC भारत में WWF-India के कार्यक्रम संभाग के रूप में कार्य करता है।

## WWF-India

WWF-India उन व्यवहारिक समाधानों के सृजन और सिद्धि के लिए प्रतिबद्ध है जिससे भारत के पारिस्थितिकी तंत्र और समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण में मदद मिले। देश में संरक्षण अभियान के 50 वर्ष पूरे करने के साथ WWF-India विकास और संरक्षण के अंतराफलक से जुड़ी चुनौतियों के विज्ञान सम्मत और सतत समाधान की दिशा में कार्यरत है। आज 20 राज्यों में 70 से ज़्यादा कार्यालयों के साथ WWF-India के कार्यों में महत्वपूर्ण वन्यजीव प्राजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, नदियों के प्रबंधन, आर्द्रभूमि एवं उनके पारिस्थितिकी तंत्र, जलवायु प्रबंधन अनुकूलन, व्यापार एवं कृषि के लिए सतत समाधान की खोज, संरक्षण के प्रबंधक के तौर पर स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण, अवैध वन्यजीव व्यापार की रोकथाम, एवं प्रचार तथा जागरूकता अभियानों के माध्यम से पर्यावरण के लिए सकरात्मक कदम के लिए छात्रों एवं नागरिकों को प्रेरित करने जैसे विषय शामिल है। WWF-India विश्व भर में 100 से ज़्यादा देश में मौजूद WWF अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा है।


TRAFFIC, India Office
C/O WWF-India,
WWF-India सचिवालय,
172-B, लोधी एस्टेट,
नई दिल्ली-110003

टेली: +91-11-41504786
ईमेल: trafficind@wwfindia.net

अधिक जानकारी के लिए
कृपया विजिट करें
www.trafficindia.org;
www.traffic.org;
www.wwfindia.org

TRAFFIC

WWF



### अवैध वन्यजीव व्यापार से संकटग्रस्त

# भारत की उल्लू प्रजातियां

पहचान पत्र

TRAFFIC

WWF